# वीयू – मत्स्य पालकों को दिया एकीकृत मत्स्य पालन पर प्रशिक्षण




नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. मंदीप शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर द्वारा भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित अनुसूचित जाति उपयोजना के तहत दिनांक 20 मार्च 2025 को प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन, वि.वि. निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ. सुनील नायक के संचालन तथाअधिष्ठाता डॉ. एस. के. महाजन संयोजन व नेतृत्व में किया गया है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय द्वारा ग्राम सिलुआ जबलपुर में महाविद्यालय की विभिन्न विस्तार सेवाओं के अंतर्गत एकीकृत मत्स्य पालन तकनीक तथा लाभ विषय पर प्रशिक्षण मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय की डॉ. सोना दुबे द्वारा दिया गया। जिसमें किसान भाई बहनों को मछली पालन विभिन्न पशुधन तथा कृषि प्रणाली के साथ करने की तकनीक को समझाया तथा उससे कैसे लाभ प्राप्त होता है इसके विषय में जानकारी दी। इस दौरान भारत सरकार की प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मत्स्य पालक किस तरह योजनाओं का लाभ ले सकते हैं यह भी जानकारी उनके साथ साझा किया, साथ ही इसी विषय पर तैयार पम्पलेट का विमोचन भी किया और उसका वितरण उपस्थित 40 मत्स्य पालकों को किया गया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को मत्स्य बीज भी वितरित किया गया, इसके साथ ही सरपंच महोदया श्रीमती सौहाद्राबाई बेन सरपंच महोदय, सहायक सचिव श्री धनंजय शर्मा एवं करण पंडा सहित ग्राम वासियों को कौशल एवं प्रशिक्षण माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त सशक्त एवं संबल बनाने के लिए प्रेरित किया।




इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. सोना दुबे द्वारा किया गया इस दौरान श्री प्रतीक कुमार तिवारी, शिवानी पाठक, सुरभि साहू, नीना चौहान, सोनल चौरसिया, रामकलेश यादव, एवं शैलेन्द्र दहिया सराहनीय योगदान रहा।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर